NCERT SOLUTIONS

CLASS - 9th

aglasem.com

Class : 9th

Subject : हिंदी

Chapter : 11

Chapter Name : सवैये

Q1 ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

Answer. ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम कई रूपों में अभिव्यक्त हुआ है। कवि अपने अगले जन्म में मनुष्य के रूप में जन्म लेकर ब्रज भूमि में गो वालों के बीच रहना चाहता है। कवि श्री कृष्ण की रासलीला भूमि ब्रज के प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त कर रहा है। वह पशु के रूप में जन्म मिलने पर नंद बाबा की गायों के निकट चरना चाहता है तो कभी ब्रजभूमि के वनों, बागों और तालाबों के सौंदर्य में लीन रहना चाहता है। इतना ही नहीं बल्कि कवि उस गोवर्धन पर्वत का एक हिस्सा भी बनना चाहता है जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर उठाया था।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 कवि का ब्रिज के वन बाघ और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है?

Answer. ब्रज के वन बाघ और तालाब में श्री कृष्णा किसी समय विहार किया करते थे। कवि का हृदय उन्हें वन, बाघ तथा सरोवर को देखकर धन्य महसूस करता है जिनके साथ श्री कृष्ण की यादें जुड़ी हुई है।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ निछावर करने को क्यों तैयार है?

Answer. एक लकुटी और कमरिया पर कवि सब कुछ निछावर करने को इसलिए तैयार है क्योंकि कवि श्री कृष्ण जी का भक्त है। श्री कृष्ण जी से जुड़ी हुई हर चीज उनके लिए प्रिय है। वह श्री कृष्ण की हर वस्तु से प्रेम करता है। श्री कृष्ण गायों को चराते समय यह लकुटी और कमरिया अपने साथ रखते थे। अतः कवि के श्री कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम तथा भक्ति के कारण वह एक लकुटी और कमरिया पर अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार है।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4 सखी ने गोपी से कृष्ण का जैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

aglasem.com

Answer. सखी ने गोपी से कृष्ण का वह रूप धारण करने का आग्रह किया था जोकि श्री कृष्ण हमेशा धारण किए हुए होते थे। अतः वह चाहती देखिए गोपी श्री कृष्ण की ही तरह सर पर मोर पंख से बना हुआ मुकुट, गले में गुंज की माला, पीले रंग के वस्त्र तथा हाथ में लाठी धारण करने का आग्रह किया।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q5 आपके विचार से कवि पशु पक्षी और पहाड़ के रूप में भी कृष्ण का सानिध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है?

Answer. मेरे विचार से कवि श्री कृष्ण के परम भक्त हैं। उन्हें हर चीज में हर जगह कृष्ण ही नजर आते हैं। पशु पक्षी और पहाड़ के रूप में वह श्री कृष्ण के नजदीक ही रहना चाहते हैं। वह जन्म जन्मांतर हर रूप में अपने प्रभु श्री कृष्ण के समीप अस्मिता पाना चाहते हैं। वह ब्रजभूमि के पशु पक्षी पहाड़ों में श्रीकृष्ण को महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि धरती पर हर वस्तु हर तरफ श्री कृष्ण हैं और उनका सानिध्य पाने से उनका जन्म सफल हो जाएगा।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q6 चौथे सैवये के अनुसार गोपियां अपने आपको क्यों विवश पाती हैं?

Answer. इस सेवैये में रसखान जी कह रहे हैं कि गोपियां श्री कृष्ण की बांसुरी की तान तथा उनके चेहरे की मुस्कान के कारण अपने आप को संभाल नहीं पातीं और अपने आप को मजबूर महसूस करती हैं और अपना आपा खो बैठती हैं। इस प्रकार वे श्री कृष्ण के वश में हो जाती हैं।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7 भाव स्पष्ट कीजिए

(क)   कोटिक ए कलघौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं।

(ख) माइ री वा मुख की मुसकानि स्महारी न जैहै न जैहै न जैहै।

Answer.

(क) इस पंक्ति में कवि रसखान श्री कृष्ण से अपना प्रेम प्रकट करते हुए कहते हैं कि गोपी गोपियों के साथ करील के कुंजों की छांव में रास रचाए करते थे। उसे भावविभोर होकर कहते हैं कि इन चीजों पर मैं सैकड़ों स्वर्ण के भवनों को अर्पित कर दूं। अर्थात करील कुंजू को स्वर्ण भवनों से ज्यादा महत्व दिया है।

(ख) गोपी कहती है मां, श्री कृष्ण की मुस्कुराहट इतनी खूबसूरत और मनमोहक है कि मैं अपने आप को खो देती हूं और विवश हो जाती हूं। और संभल भी नहीं पाती। इस प्रकार वे श्रीकृष्ण के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com

Q8 कालिंदी कूल कदंब की में कौनसा अलंकार है?

Answer. 'कालिंदी कूल कदंब की डारन' में अनुप्रास अलंकार है।

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q9 काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-

या मुरली मुरलीधर की अधरान न घरौंगी।

Answer. भाव सौंदर्य प्रस्तुत पंक्तियों में गोपी अपनी सखी से यह कह रही है कि वह श्री कृष्ण की तरह वस्त्र तथा आभूषण तो धारण कर लेगी परंतु वह श्री कृष्ण की मुरली को अपने होठों पर नहीं रखेगी। प्रस्तुत पंक्ति में गोपी का मुरली के प्रति ईर्ष्या भाव प्रकट हुआ है।

- शिल्प सौंदर्य
- ब्रज भाषा का प्रयोग हुआ है।
- सेवैय छंद है।
- ल तथा भ वर्णों की आवृत्ति के कारण अनुप्रास अलंकार का प्रयोग हुआ है।
- मुरली मुरलीधर तथा अधरान अधरा न में यमक अलंकार है।
- माधुर्य गुण है।
- लयात्मकता है।

aglasem.com

Page : 102 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q10 प्रस्तुत सैवायों मैं जिस प्रकार ब्रजभूमि के प्रति प्रेम अभिव्यक्त हुआ है उसी तरह आप अपनी मातृभूमि के प्रति अपने मनोभावों को अभिव्यक्त कीजिए।

Answer. छात्र स्वयं करें

Page : 103 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q11 रसखान के इन शब्दों का शिक्षक की सहायता से कक्षा में आदर्श वाचन कीजिए साथी किन्हीं दो सैवयों को कंठस्थ कीजिए।

Answer. छात्र स्वयं करें

Page : 103 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q1 सूरदास द्वारा रचित कृष्ण के रूप सौंदर्य संबंधित पदों को पढ़िए।

Answer. छात्र स्वयं करें।

Page : 103 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

aglasem.com